# 19 राजस्थान में सामाजिक एवं राजनीतिक संगठन प्रमुख समाचार पत्र

1. निम्न में से किस संस्था ने अछूतों की शिक्षा के लिए चुरू में कबीर पाठशाला स्थापित की?
(1) सर्वहितकारिणी सभा (2) बीकानेर प्रजामण्डल
(3) लोक परिषद् (4) बीकानेर राज्य प्रजा परिषद्
(1)

2. जनजातियों को 'आदिवासी' नाम किसके द्वारा दिया गया था?
(1) विजय सिंह पथिक (2) गोविन्द गिरी
(3) ठक्कर बापा (4) जयनारायण व्यास (3)

**व्याख्या–** अमृतलाल विट्ठल दास ठक्कर (ठक्कर बापा) ने 1922 में भील सेवा मंडल की स्थापना की। इस संस्था ने भीलों की स्थिति सुधारने के लिए कार्य किया। ठक्कर बापा ने ही जनजातियों को आदिवासी नाम दिया।

3. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिये तथा नीचे दिये गये कूटों में से सही उत्तर का चुनाव कीजिए:

| प्रमुख संस्था | स्थापना वर्ष |
|---|---|
| A. राजस्थान सेवा संघ | i. 1921 |
| B. देश हितैषणी सभा | ii. 1923 |
| C. मारवाड़ हितकारिणी सभा | iii. 1877 |
| D. चैम्बर ऑफ प्रिंसेज | iv. 1919 |

**कूटः**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | i | ii | iii | iv |
| (2) | iii | ii | iv | i |
| (3) | iv | iii | ii | i |
| (4) | i | iii | ii | iv |

(3)

4. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिये तथा नीचे दिये गये कूटों में से सही उत्तर का चुनाव कीजिए:

| समाचार पत्र | संपादक |
|---|---|
| A. राजपूताना गजट | i. मौलवी मुराद अली |
| B. राजस्थान समाचार | ii. मुंशी समर्थदान |
| C. लोकवाणी | iii. पंडित राम प्रताप |
| D. सर्वहित | iv. देवी शंकर तिवाड़ी |

**कूटः**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | i | ii | iv | iii |
| (2) | iii | ii | iv | i |
| (3) | iv | iii | ii | i |
| (4) | i | iii | ii | iv |

(1)

5. चिड़ावा में अमर सेवा समिति की स्थापना किसने की?
(1) गौरीशंकर उपाध्याय (2) स्वामी गोपालदास
(3) मास्टर प्यारेलाल गुप्ता (4) इन्द्रमल जैन (3)

6. अखिल भारतीय देशी राज्य लोक परिषद् की स्थापना कहाँ पर हुई?
(1) वर्धा (2) मुम्बई
(3) दिल्ली (4) अजमेर (2)

**व्याख्या–** अखिल भारतीय देशी राज्य लोक परिषद् की स्थापना 1927 ई. में मुम्बई में की गई थी। इसका प्रथम अधिवेशन 17–18 दिसंबर 1927 को मुम्बई में दीवान बहादुर रामचंद्र राव की अध्यक्षता में आयोजित हुआ।

7. बीकानेर राज्य प्रजा परिषद् की स्थापना किसने की?
(1) रघुवर दयाल गोयल (2) बाबु मुक्ता प्रसाद
(3) वैद्य मघाराम (4) हनुमान सिंह बुडानिया (1)

**व्याख्या–** रघुवर दयाल गोयल ने 22 जुलाई, 1942 को बीकानेर में गंगादास कौशिक और दाऊलाल आचार्य के साथ मिलकर बीकानेर राज्य प्रजा परिषद् की स्थापना की।

8. वर्धा से 'राजस्थान केसरी' नामक समाचार पत्र का प्रकाशन किसने प्रारम्भ किया?
(1) जमनालाल बजाज (2) शोभालाल गुप्त
(3) विजयसिंह पथिक (4) हरिभाऊ उपाध्याय (3)

**व्याख्या–** विजयसिंह पथिक ने वर्धा से 1920 में 'राजस्थान केसरी' नामक एक राजनीतिक समाचार पत्र का प्रकाशन प्रारंभ किया।

9. जोधपुर में मारवाड़ हितकारिणी सभा की स्थापना किसके नेतृत्त्व में हुई?
(1) रणछोड़दास गट्टाणी (2) मथुरादास माथुर
(3) अभयमल जैन (4) जयनारायण व्यास (4)

**व्याख्या–** इस सभा की स्थापना 1918 में चाँदमल सुराणा ने 'मरूधर हितकारिणी सभा' के नाम से की थी। 1923 में जयनारायण व्यास ने इसका पुनर्गठन कर इसका नाम 'मारवाड़ हितकारिणी सभा' रखा।

10. उदयपुर में राजस्थान महिला परिषद् की संस्थापक कौन थी?
(1) शांता त्रिवेदी (2) कमला स्वाधीन
(3) लक्ष्मी देवी कावरा (4) कृष्णा व्यास (1)

11. कोटा में वीर भारत सभा की स्थापना की?
(1) केसरी सिंह बारहठ (2) साधु सीताराम
(3) साधु प्यारेराम (4) पण्डित नयनूराम (1)

**व्याख्या–** क्रांतिकारी गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए कोटा में केसरी सिंह बारहठ ने 1910 में वीर भारत सभा की स्थापना की।

12. देश हितैषणी सभा (उदयपुर) का गठन किया गया?
(1) 2 जुलाई, 1877 (2) 9 मार्च, 1888
(3) 22 फरवरी, 1889 (4) 25 जुलाई, 1877 (1)

**व्याख्या–** मेवाड़ महाराणा सज्जन सिंह की अध्यक्षता में उदयपुर में 2 जुलाई, 1877 को 'देश हितैषणी सभा' की स्थापना की गई।

13. हरिजन सेवा समिति की स्थापना कब व किसके द्वारा की गई थी?
(1) 1925 हरिभाऊ उपाध्याय (2) 1925 हरिनारायण शर्मा
(3) 1935 भोगीलाल पाण्ड्या (4) 1925 स्वामी केशावानन्द
(3)

14. मेवाड़ में भील सेवा मण्डल की स्थापना किसके द्वारा की गई थी?
(1) ठक्कर बापा (2) भोगीलाल पाण्ड्या
(3) रत्ना शास्त्री (4) दया शंकर क्षोत्रिय (1)

15. निम्न में से कौन एक 'मारवाड़ लोक परिषद्' जोधपुर के सदस्य नहीं रहे है?
(1) इन्द्रमल जैन (2) चाँदकरण शारदा
(3) बलवंत सिंह मेहता (4) मथुरादास माथुर (3)

व्याख्या– मारवाड़ लोक परिषद् की स्थापना जोधपुर में मई 1938 में जयनारायण व्यास की प्रेरणा से हुई। इंद्रमल जैन, चाँदकरण शारदा, अभयमल जैन, अचलेश्वर प्रसाद शर्मा व मथुरादास माथुर इसके सदस्य थे।

16. भरतपुर प्रजा परिषद् की स्थापना ......... ई. में जुगल किशोर चतुर्वेदी की गई।
(1) 1933 (2) 1939
(3) 1940 (4) 1930 (2)

17. राजपूताना मध्य भारत सभा की स्थापना करने वाले प्रमुख कार्यकर्त्ताओं में निम्न में से कौन एक शामिल नहीं थे?
(1) विजय सिंह पथिक (2) जमनालाल बजाज
(3) अर्जुन लाल सेठी (4) जोरावर सिंह बारहठ (4)

व्याख्या– राजपूताना मध्य भारत सभा की स्थापना करने वाले प्रमुख कार्यकर्ता– विजयसिंह पथिक, अर्जुनलाल सेठी, स्वामी नरसिंह देव सरस्वती, जमनालाल बजाज, सेठ गोविन्द दास, देव सरस्वती, गणेश शंकर विद्यार्थी, चाँदकरण शारदा, केसरी सिंह बारहठ और गिरधर शर्मा थे।

18. 'राजस्थान टाइम्स' नामक समाचार पत्र सम्पादन कब व किसके द्वारा किया गया–
(1) 1905, झाबरमल शर्मा (2) 1885, बक्शी लक्ष्मण दास
(3) 1885, झाबरमल शर्मा (4) 1905, गणेश शंकर विद्यार्थी
(2)

19. निम्नलिखित में से किस सामाजिक संस्था को 'चूरू की काँग्रेस' नाम से भी जाना जाता है?
(1) अमर सेवा समिति (2) सर्वहितकारिणी सभा
(3) प्रजाप्रतिनिधि सभा (4) आजाद मोर्चा (2)

20. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिये तथा नीचे दिये गये कूटों में से सही उत्तर का चुनाव कीजिए:

| राजनीतिक संस्थाएँ | स्थान |
|---|---|
| A. विद्या प्रचारिणी सभा | i. बीकानेर |
| B. मारवाड़ यूथ लीग | ii. चित्तौड़गढ़ |
| C. सद्विद्या प्रचारिणी सभा | iii. वर्धा |
| D. राजस्थान सेवा संघ | iv. जोधपुर |

कूट:

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | i | ii | iii | iv |
| (2) | ii | iv | i | iii |
| (3) | ii | iii | iv | i |
| (4) | i | iii | ii | iv |

(2)

21. वाल्टरकृत राजपूत हितकारिणी सभा की स्थापना कब व कहाँ पर की गई?
(1) 1889 – उदयपुर (2) 1888 – उदयपुर
(3) 1888 – अजमेर (4) 1888 – टोंक (3)

22. कोटा में नागरिकों की शिकायतों को महकमा खास तक पहुँचाने के लिए कोटा में 'प्रजा प्रतिनिधि सभा' की स्थापना किसके द्वारा की गई?
(1) जयनारायण व्यास (2) पण्डित नयनूराम शर्मा
(3) भोगीलाल पाण्ड्या (4) जमनालाल बजाज (2)

व्याख्या– कोटा में नागरिकों की शिकायतों को महकमा खास तक पहुँचाने के लिए पंडित नयनूराम शर्मा ने 1918 में कोटा में 'प्रजा प्रतिनिधि सभा' की स्थापना की।

23. निम्नलिखित संस्थाओं में से किस संस्था द्वारा (जो एक पाठशाला की तरह संचालित थी) बिजौलिया किसान आंदोलन के दौरान स्वयं सेवक तैयार किए गए?
(1) विद्या प्रचारिणी सभा – चित्तौड़गढ़
(2) प्रजा प्रतिनिधि सभा – कोटा
(3) राजपूताना मध्य भारत सभा – दिल्ली
(4) अमर सेवा संघ – चिड़ावा (1)

24. नरेन्द्र मण्डल की स्थापना कब व कहाँ की गई थी, जिसके प्रथम अध्यक्ष (चांसलर) महाराजा गंगासिंह को बनाया गया था?
(1) 1920 – बीकानेर (2) 1921 – दिल्ली
(3) 1921 – बीकानेर (4) 1921 – अजमेर (2)

व्याख्या– द्वितीय विश्वयुद्ध की समाप्ती के बाद वायसराय की अध्यक्षता में नरेन्द्र मण्डल (चैंबर ऑफ प्रिंसेज) की स्थापना 8 फरवरी, 1921 को दिल्ली में की गई। ब्रिटिश सम्राट की ओर से दिल्ली के दीवान–ए–आम में ड्यूक ऑफ कनाट ने नरेन्द्र मण्डल का उद्घाटन किया।

25. राजस्थान मध्य भारत सभा का तीसरा अधिवेशन अजमेर में आयोजित हुआ था, इसकी अध्यक्षता किसके द्वारा की गई?
(1) जयनारायण व्यास (2) जमनालाल बजाज
(3) रामनारायण चौधरी (4) अर्जुनलाल सेठी (2)

26. असुमेलित को छांटिए–
(1) गाँधी सेवा सदन– हरिभाऊ उपाध्याय
(2) मेवाड़ हरिजन सेवा संघ – ठक्कर बापा
(3) उपकारक मण्डल – बाबा लक्ष्मण दास
(4) शांति सेवा कुटीर – चिमनलाल मालोत (3)

व्याख्या– उपकारक मण्डल की स्थापना कांतिचंद चौथानी द्वारा किशनगढ़ में की गई थी।

27. 1927 में 'तरुण राजस्थान नामक' समाचार–पत्र (जो नवीन राजस्थान का ही नया नाम था) के सम्पादक निम्न में से कौन बने ?
(1) जमनालाल बजाज (2) शोभालाल गुप्त
(3) केसरी सिंह बारहठ (4) ऋषिदत्त मेहता (1)

28. भरतपुर में हिन्दी साहित्य समिति द्वारा 1927 ई. में निम्न में से किसकी अध्यक्षता में 'विश्व हिन्दी सम्मेलन का आयोजन करवाया गया?
(1) मास्टर प्यारेलाल गुप्ता (2) जगन्नाथ दास अधिकारी
(3) पं. गौरीशंकर हीराचंद औझा (4) हीरालाल शास्त्री (3)

29. सुमेलित कीजिए–

| संस्था नाम | स्थान |
|---|---|
| A. सर्व हितकारिणी वाचनालय | i. भीलवाड़ा |
| B. शांति सेवा कुटीर | ii. डूँगरपुर |
| C. हरिजन आश्रम | iii. जैसलमेर |
| D. महिला आश्रम | iv. बाँसवाड़ा |

कूटः


| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | i | ii | iii | iv |
| (2) | iii | iv | ii | i |
| (3) | ii | iii | iv | i |
| (4) | i | iii | ii | iv |


(2)

30. निम्न में से 'नवीन राजस्थान' के सम्पादक कौन थे?
(1) रामनारायण चौधरी (2) हरिनारायण चौधरी
(3) केसरीसिंह बारहठ (4) गिरधर (1)

## राजस्थान की सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सर्वश्रेष्ठ पुस्तकें –




टेलीग्राम से जुड़ने के लिए

@DHINDHWAL2023GK

– Dhindhwal Publication

– धींधवाल पब्लिकेशन

– Dhindhwal Classes

– @Publication-DP

– Dhindhwal Publication

धींधवाल पब्लिकेशन की उपरोक्त पुस्तकें राजस्थान के सभी शहरों में प्रमुख बुक स्टोर पर उपलब्ध है। ऑनलाईन ऑर्डर कर घर बैठे मंगवाने के ल्एि मोबाईल नंबर 7725969600 (कानाराम जी) पर फोन या वाट्सअप मैसेज करें।